समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# गुजरात विमान हादसे पर बोले एस. जयशंकर – “यात्रियों और परिवारों के साथ मेरी प्रार्थनाएं है”

Publisher

Published on 12 Jun 2025



## “एयर इंडिया फ्लाइट AI-171 के क्रैश के बाद विदेश मंत्री जयशंकर और उड्डयन मंत्री नायडू की भावुक प्रतिक्रियाएं, राहत कार्यों मे तेजी”

**नई दिल्ली/अहमदाबाद, 12 जून 2025:** गुजरात के **अहमदाबाद** में गुरुवार दोपहर हुए **एयर इंडिया विमान क्रैश** पर **विदेश मंत्री एस. जयशंकर** और **केद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू** ने गहरा दुख व्यक्त किया है। हादसे में **फ्लाइट AI-171** के क्रैश होने की पुष्टि हुई है, जो **अहमदाबाद से लंदन** गैटविक के लिए रवाना हुई थी। इस विमान में **242 यात्री** और **12 क्रू मेबंर्स** सवार थे।

**एस जयशंकर की भावुक प्रतिक्रिया**
**विदेश मंत्री एस. जयशंकर** ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा: “अहमदाबाद विमान दुर्घटना की खबर से गहरा सदमा पहुंचा है। हमारी प्रार्थनाएं यात्रियों और उनके परिवारों के साथ हैं। यह एक बहुत ही दर्दनाक समय है।”

जयशंकर ने हादसे पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी है और सभी जरूरी मदद मुहैया कराई जा रही है।

अहमदाबाद में कहां हुआ हादसा ?
१. **हादसा अहमदाबाद के मेघानीनगर क्षेत्र के IGP परिसर मे हुंआ।**
२. **विमान एयरपोर्ट की बाउंड्री से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हुआ।**

३. **प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, दुर्घटना के तुरंत बाद फायर ब्रिगेड और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची।**
४. **गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी इस फ्लाइट मे संवार थे, हालांकि अभी उनकी स्थिति की पुष्टि नहीं हुई है।**

**नागरिक उड्डयन मंत्री ने किया कार्यक्रम रद्द**

**केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू,** जो उस समय विजयवाड़ा में थे, उन्होंने अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए और तुरंत अहमदाबाद रवाना हो गए। उन्होंने कहा: "अहमदाबाद में हुए विमान हादसे की खबर से स्तब्ध और दुखी हूं। हम हाई अलर्ट पर हैं और सभी विमानन और आपातकालीन एजेंसियों को त्वरित और समन्वित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मैं खुद स्थिति की निगरानी कर रहा हूं।"

नायडू ने यह भी बताया कि **डीजीसीए, एएआई, एनडीआरएफ** और **गुजरात प्रशासन** के अधिकारियों से लगातार संपर्क में हैं ताकि प्रभावितों को त्वरित सहायता मिल सके।

बचाव कार्य जारी

१. **50 से अधिक एंबुलेसं घटनास्थल पर पहुंच चुकी है।**
२. **रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।**
३. **घायलों को तुरंत सिविल और प्राइवेट अस्पतालों मे भर्ती कराया जा रहा है।**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.